# कार्यालय उपवनमण्डलाधिकारी टीकमगढ़ (म0प्र0)

ई–मेल : dfotikamgarh@mpforest.org
फोन नं.: 07683-245315 फेक्स नं.: 245315


क्रमांक / 646 टीकमगढ़,दिनांक – 11.09.14

प्रति,

वन संरक्षक
क्षेत्रीय वन मण्डल टीकमगढ़

विषय :– टीकमगढ़ जिले के अन्तर्गत परिक्षेत्र जतारा के वन खण्ड मांचीगढ़ के कक्ष क्रमांक 262 में रकवा 19 हैक्टेयर आरक्षित वन क्षेत्र में खनिज पायरोफलाईट एवं डायस्पोर के उत्खनन हेतु खनिज पट्टा स्वीकृति बाबत् आवेदन पत्र खजराहों मिनरल्स प्रा.लि. छतरपुर म.प्र.

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक / मां.चि. / 2014 / 3642 दिनांक 07.08.2014

निवेदन है कि विषयांकित प्रकरण में संदर्भित पत्र के पालन के तहत स्थल निरीक्षण वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा के माध्यम से परिक्षेत्र सहायक लार के हमराह किया गया। निरीक्षण उपरांत बिन्दुबार जानकारी निम्नानुसार है।

1. आवेदित 19.00 हेक्टेयर क्षेत्र सवरेंज लार बीट हरपुरा वनखण्ड मांचीगढ़ कक्ष क्रमांक आर.एफ. 262 अन्तर्गत आता है।
2. आवेदित क्षेत्र वन क्षेत्र अन्तर्गत आता है। आसपास राजस्व क्षेत्र नहीं है।
3. आवेदित क्षेत्र की कानूनी स्थिति आरक्षित (आर.एफ.) वनखण्ड माचीगढ़ क्रमांक 262 है।
4. आवेदित क्षेत्र मिश्रित वन क्षेत्र है। जिसका औसत घनत्व 0.4 अन्तर्गत आता है।
5. आवेदित वनक्षेत्र में लेड़िया चिरौल , पलास , तेन्दू सहित गणना सूची एवं मूल्यांकन पत्रक संलग्न है।
6. व्यपरिवर्तन होने पर भू – क्षरण की संभावना नहीं है। क्योंकि आवेदित क्षेत्र पथरीला है व संवेदनशील नहीं है।
7. आवेदति क्षेत्र वन की बाहरी सीमा से दक्षिण में 140 मीटर दूरी पर लार वेदपुर रोड हैं। उत्तर में वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक 263 है। पूरब में जमुनिया नाला कक्ष क्रमांक कक्ष क्रमांक 263 वन क्षेत्र है तथा परिश्चम में भी वन क्षेत्र एवं राजस्व क्षेत्र लगा हुआ है।



Scanned by CamScanner

8. आवेदित क्षेत्र राष्ट्रीय उद्यान वन्यजीव अभ्यारण्य जैव मण्डल रिजर्व बाघ रिजर्व हाथीकोरिडोर का भाग नहीं है तथा ओरछा अभ्यारण्य 68 कि.मी. की दूरी पर है।

9. आवेदित वन क्षेत्र में वनस्पति और प्राणीजाति के दुर्लभ , संकटापन एवं विशिष्ट प्रजातियॉं नहीं पाई जाती है।

10. आवेदित क्षेत्र तथा उसके आसपास पुरातत्वीय पारम्परिक स्थल/रक्षा प्रतिष्ठान व अनय महत्वपूर्ण स्मारक नहीं है।

11. आवेदित वन क्षेत्र अपरिहार्य एवं न्यूनतम है।

12. आवेदित संस्थान द्वारा कभी वन अधिनियम के उल्लंघन का कार्य स्थल पर नहीं किया गया।

13. आवेदित संस्थान के व्यय पर आवेदित क्षेत्र का सीमांकन कराकर अस्थाई सीमा चिन्ह लगाये गये है।

14. आवेदित संस्थान से निर्धारित फीस जमा कराकर पी.डी.ए. सर्वे कराया गया है। पी.डी.ए. नक्शा संलग्न है।

15. वनस्पति और प्राणी जाति की दुर्लभ संकटापन/विशिष्ट प्रजाति एवं संरक्षित पुरातत्वीय परस्परिक स्थल/रक्षा प्रतिष्ठान व वन अधिनियम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

अतः जांच प्रतिवेदन बिन्दुवार अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही अनुशंसा सहित संप्रेषित है।

संलग्न – पंचनामा 02 , टोपोशीट नक्शा
वृक्ष गणना लिस्ट , पी.डी.ए. नक्शा 05 प्रति

(टी0एस0उईके)
उवनमण्डलाधिकारी
टीकमगढ़

D:\SDO Tkg 2014.doc



Scanned by CamScanner

(6)

## पंचनामा

पंचनामा लिख दिया हम पंचान नीचे सही तस्दीक एवं हस्ताक्षर करने वालों ने कि आज दिनांक/ 14-08-14 को प० स० मार एवं व स्टाफ के साथ बीट हरपुरा के कक्ष क्र०/कं/262 मे वन क्षेत्र के आवेदित स्थल रकबा क्षेत्रफल 19 हे० का घूम-फिर कर निरीक्षण किया जिसमें रोजा, पलाश एवं कुल्थी के वृक्ष एवं झाड़ियाँ मौके पर है, तथा आवेदक संस्थान द्वारा सीमांकन कराया जाकर आवेदित स्थल की सीमोलाइन पर पत्थर रखकर चूना डाला गया, उक्त सीमांचिन्हों का जी०पी०एस० लिया गया

(1) N/24°-55'-43.7" E/078°-57'-28.5"
(2) N/24°-55'-46.7" E/078°-57'-17.5"
(3) N/24°-55'-57.1" E/078°-57'-20.9"
(4) N/24°-56'-05.8" E/078°-57'-23.7"
(5) N/24°-56'-08.0" E/078°-57'-26.8"
(6) N/24°-56'-10.6" E/078°-57'-29"
(7) N/24°-56'-09.6" E/078°-57'-34.0"
(8) N/24°-55'-57.4" E/078°-57'-28.8"
(9) N/24°-55'-48.5" E/078°-57'-30.1"

एवं आवेदित स्थल पर वनस्पति एवं प्राणी जाति को दुर्लभ संकटापन एवं [illegible] संस्थान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है, तथा आवेदित स्थल से निकासी हेतु लगभग 150 मी० पाथ मैन रोड से दूरी पर है जो आवेदित स्थल में सम्मिलित है। पंचनामा लिखा सो सही समय पर काम आवे। मौके पर आवेदित स्थल पर पारंपरिक कोई स्थल नहीं है सो सही।
गोलवारा वृक्ष गणना

वृक्ष गणना पत्रक संलग्न है।

[signature] 14-8-14
R.L. Lodari

ह०स्ता० पंचान

[signatures] 14-08-14

रघुवीरसिंह

Scanned by CamScanner